
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# देवसंस्कृति विश्वविद्यालय पहुंचे राष्ट्रपति कोविन्द

**स्वर्ण जयंती**

## एशिया के पहले बाल्टिक सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र का किया अवलोकन

**संवाददाता**

देहरादून। राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में देव संस्कृति विश्वविद्यालय एवं शांतिकुंज पहुंचे। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद थे। राष्ट्रपति के देव संस्कृति विश्वविद्यालय पहुंचने पर प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या, कुलपति शरद पारधी, कुलसचिव बलदाउ देवांगन ने राष्ट्रपति का पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत अभिनन्दन किया।

विश्वविद्यालय परिसर स्थित मृत्युंजय सभागार में राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं उच्च शिक्षा मंत्री के साथ देसंविवि के प्रमुख पदाधिकारियों एवं आचार्यों का सामूहिक छायाचित्र का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस



अवसर पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या ने राष्ट्रपति को शांतिकुंज स्वर्ण जयंती वर्ष के गायत्री प्रतिमा स्मृति चिन्ह, गंगाजल, देसंविवि स्वावलंबन विभाग निर्मित जूट बैग एवं पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रतिपादित सार्वभौम प्रज्ञा योग मार्गदर्शिका भेंट किया। तत्पश्चात् राष्ट्रपति ने देसंविवि के प्रांगण में स्मृति स्वरूप रुद्राक्ष के पौधे का भी रोपण किया। राष्ट्रपति ने प्रज्ञेश्वर महादेव मन्दिर में पूजा अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। यहां विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक वैदिक मंत्रोच्चारण कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई।

राष्ट्रपति ने भारत एवं बाल्टिक देशों के संबंधों की मधुरता एवं मजबूती बढ़ाने के उद्देश्य से स्थापित एशिया का प्रथम बाल्टिक सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र का अवलोकन करते हुए इसके माध्यम से किये जा रहे प्रयासों और अनुसंधानों की प्रशंसा की। देव संस्कृति विश्वविद्यालय भ्रमण के दौरान यहां के मूल्यपरक शिक्षण प्रणाली, वैज्ञानिक अध्यात्मवाद, योग – आयुर्वेद, अनुसंधान, स्वावलंबन एवं विभिन्न रचनात्मक व शैक्षणिक गतिविधियों का राष्ट्रपति ने अवलोकन करते हुए विवि द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

राष्ट्रपति इसके बाद गायत्री तीर्थ शांतिकुंज पहुंचे। शांतिकुंज में उन्होंने युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा जी के पवित्र पावन कक्ष का दर्शन किया जहां आचार्य श्री ने विश्व मानवता के लिए साधना एवं साहित्य सृजन का महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न किया था। युगऋषि द्वारा 1926 से प्रज्जवलित अखण्ड दीपक का दर्शन किए जिसके समक्ष युगऋषि ने गायत्री महामंत्र के 24–24 लाख के 24 महापुरश्चरण 24 साल तक अनवरत सम्पन्न किये।

## न्यूज डायरी

### नेहरू युवा केन्द्र ने आयोजित की जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

**संवाददाता** देहरादून। नेहरु युवा केन्द्र के तत्वाधान में रूलक राजपुर रोड़ देहरादून में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय यह था "सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास, सबका प्रयास" जिला स्तरीय प्रतियोगिता में देहरादून के सभी विकासखण्डों से कुल 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में न्यायाधीश डॉ0 योगेश धस्माना पूर्व जिला युवा अधिकारी नेहरू केन्द्र एवं डॉ0 अन्जली वर्मा सहायक प्रध्यापक एम0जी0एम0 महाविद्यालय डोईवाला और रेखा पुंडीर प्रगति महिला संस्थान की सचिव निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे, जिसमें से भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 5000 रूपये, द्वितीय स्थान 2000 रूपये, तृतीय स्थान 1000 रूपये है इसके अलावा तीनों विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए और पुरस्कार राशि खाते में डाली जाएगी।

### लिबास कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड उच्चतम विकास की राह पर

**संवाददाता** देहरादून। लिबास कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने एथनीसिटी के साथ रियाज गाजी लिबास के दूल्हा– दुल्हन की ड्रेसेस (ब्राइडल्स) बेचने के लिए हाथ मिलाया है। इसके अंतर्गत कुर्तियां, इंडो वेस्टर्न, शेरवानी एक्सेसरीज इत्यादि की बिक्री की जाएगी। यह बिक्री इंदौर, ठाणे और पुणे की विभिन्न लोकेशंस पर होगी। ज्ञात हो कि एथनीसिटी भारत में एक स्वदेशी फैशन ब्रांड है। ये ब्रांड वुमेन वियर, मेंसवियर, किड्स वियर और एक्सेसरीज की खुदरा बिक्री करता है। कोविड से मिली बड़ी राहत के बाद भारत में शादियों का मौसम उफान पर है, जो पिछले 2 सालों से ठप्प पड़ा हुआ था।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ से पेंशन समाधान विकसित किया

**संवाददाता** देहरादून। ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद उनकी नियमित आय की जरूरतों को सुरक्षित करने में सक्षम बनाने और जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ तालमेल रखने के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने गारंटीड पेंशन योजना के तत्काल और स्थगित वार्षिकी विकल्पों को मिलाकर एक अभिनव सेवानिवृत्ति समाधान विकसित किया है। यह समाधान ग्राहकों को नियमित आय की गारंटी दे सकता है जो जीवन यापन की बढ़ती लागत की चुनौती का समाधान करता है। बढ़ती मुद्रास्फीति, एकल परिवारों और करियर के अवसरों की तलाश में विदेशों में प्रवास करने वाले बच्चों की बढ़ती प्रवृत्ति के साथ, बचत समाप्त होने या सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता के नुकसान का भी खतरा है।

## दिव्यांगों के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। राज्य में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत स्वीप के अन्तर्गत वोटर कार्ड बनाने व मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने के लिए राज्य भर में विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोगों को मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि आगामी आने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग करें। 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक राज्य के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या की उपस्थिति में 29 नवंबर को लतिका रॉय फाउण्डेशन में दिव्यांगों के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सौजन्या द्वारा मतदान शपथ दिलवाकर किया गया साथ ही स्वीप के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग की टीम द्वारा वू मोबाइल एप के माध्यम से वोटर कार्ड बनाने व वोटर कार्ड में किसी भी तरह के संशोधन करने के बारे में चर्चा की गई तथा दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगों को निर्वाचन के विषय में बताया गया। ई0वी0एम0 मशीन का प्रदर्शन कर वोट देने की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में व्यवहारिक रूप से समझाया गया तथा मॉक पोल का भी आयोजन किया गया। उपस्थित दिव्यांगजनों से प्रश्न पूछकर जानकारी देते हुए सभी से वोट देने की अपील की गई।



## जवाहर नवोदय विद्यालय में बच्चो की जांच कर दी गई दवा

**संवाददाता** पुरोला। जवाहर नवोदय विद्यालय धुनगिर में वायरल से पीड़ित बच्चो की जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने विद्यालय में पहुंच कर बच्चो की जांच की व उन्हे दवा वितरण की गई। टीम ने 20 बच्चो की आरटीपीसीआर व 10 बच्चो का रैपिड टेस्ट भी किया। रैपिड टेस्ट में सभी बच्चो की रिपोर्ट निगेटिव आई है। जवाहर नवोदय विद्यालय धुनगिर में कक्षा 6से लेकर 12वी तक के अधिकांश बच्चे यहां गत एक सप्ताह से वायरल से पीड़ित है। रविवार को पुरोला सीएचसी में एक दर्जन से अधिक बच्चो का रैपिड व आरटीपीसीआर टेस्ट किया गया था इससे पूर्व भी विद्यालय के 35बच्चो का आरटीपीसीआर टेस्ट किया गया था जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। यहां कई छात्र खांसी जुकाम की चपेट में भी है। यहां गत एक सप्ताह से वायरल का प्रकोप चल रहा है।

## आगामी निधारित बैठक में सभी प्रस्ताव को किया जाय प्रस्तुत

### कृषि एवं उद्यान विभाग के एकीकरण की विभागीय मंत्री सुबोध उनियाल ने की समीक्षा

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के कृषि, कृषि विपणन, कृषि प्रसंस्करण, कृषि शिक्षा, उद्यान एवं फलोद्योग एवं रेशम विकास मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कृषि एवं उद्यान विभाग के एकीकरण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई।

मंत्री ने कृषि एवं उद्यान विभाग के एकीकरण के सम्बन्ध में तैयार प्रस्ताव को समस्त कार्मिकों/कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को प्रेषित किया किये जाने के निर्देश दिये। मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया है कि उक्त प्रस्ताव का भेंली भॉति परीक्षण/अध्ययन कर अपने



अपने सुझाव/प्रस्ताव दें।

उन्होने कहा कि कृषि एवं उद्यान विभाग के एकीकरण के सम्बन्ध में सभी निर्णय लोकतांत्रिक पद्धति के आधार पर किया जायेगा। उन्होने कहा कि यथाशीघ्र, आगामी निधारित बैठक में सभी प्रस्ताव को प्रस्तुत किया जाय। कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री जी को अवगत कराया गया कि में कृषि एवं उद्यान विभाग के एकीकरण का जो प्रस्ताव तैयार किया गया है वह कर्मचारी संगठनों को प्राप्त नहीं हुआ है। इस अवसर पर कृषि सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, अपर सचिव कृषि राम विलास यादव, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण हरविन्दर सिंह बावेजा, अपर निदेशक उद्यान डॉ जगदीश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## डीजेजेएस द्वारा साप्ताहिक वेबकास्ट में निस्वार्थ सेवा के महत्व को किया गया उजागर

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज द्वारा संस्थापित व संचालित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान सोमवार को संस्थान के यूट्यूब चैनल पर साप्ताहिक वेबकास्ट प्रसारित किया गया। वेबकास्ट श्रृंखला के 87वें एपिसोड में अध्यात्म के मार्ग पर चल रहे साधकों को निःस्वार्थ सेवा के महत्व अथवा उसकी अनिवार्यता के बारे में बताया गया। देश विदेश में रहने वाले सभी शिष्यों व जिज्ञासुओं ने घर–बैठे ही इस कार्यक्रम का लाभ प्राप्त किया। डिजिटल माध्यम से हजारों लोगों द्वारा देखे जाने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रमुग्ध कर देने वाले आध्यात्मिक भजनों से की गई, जिसने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। भावपूर्ण भजनों के साथ प्रेरक विचारों द्वारा साधकों को गुरु आज्ञाओं का अनुपालन करते हुए निरंतर ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद एक विस्तृत आध्यात्मिक व्याख्यान को प्रस्तुत किया गया।